>

Title: Need to take steps to make Ganga River pollution free.

**श्री रामकिशुन (चन्दौली):** सभापति महोदय, मैं श्री तूफानी सरोज द्वारा उठाए गए विषय से अपने को सम्बद्ध करता हूं।

महोदय, राष्ट्रीय नदी गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में गंगा बेसिन प्राधिकरण का गठन किया गया, ताकि गंगा अविरल, स्वच्छ प्रदूषण मुक्त हो कर बहती रहे। प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में जो कमेटी बनी, उसके तीन सदस्य इस्तीफा दे चुके हैं। गंगा नदी के प्रदूषण के खिलाफ पर्यावरणविद प्रोफेसर बी.डी. अग्रवाल आज सन्यासी हो गए, स्वामी हैं तथा जिन्होंने आमरण अनशन बनारस के काशी घाट पर करना प्रारम्भ कर दिया है। उनकी हालत चिंताजनक है। वहां के जिला प्रशासन ने उन्हें एम्स में भर्ती करा दिया है। भारत सरकार के दो मंत्री उनसे मिलने के लिए गए। उनके समर्थन में छोटे-छोटे बच्चों ने गंगा नदी के घाट पर आमरण अनशन किया है। आज गंगा की हालत यह है कि जहां से निकल रही है और जहां जाकर मिल रही है, पूरी तरह से गंगा प्रदूषण युक्त हो गई है। ऐसे में भारत सरकार से मेरी मांग है कि जो गंगा प्रदूषण को मुक्त करने के लिए प्राधिकरण का निर्माण किया गया है, उसकी कार्यवाही प्रारम्भ की जाए और करोड़ों रुपयों का जो प्रावधान किया गया है, उस प्रावधान से गंगा को प्रदूषण मुक्त किया जाए तथा स्वामी सानन्द जी के अनशन को तुड़वाने का काम किया जाए।...(व्यवधान)

**श्री शैलेन्द्र कुमार:** सभापति महोदय, मैं श्री रामकिशुन द्वारा उठाए गए विषय से अपने को सम्बद्ध करता हूं।

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ):** सभापति महोदय, मैं श्री रामकिशुन द्वारा उठाए गए विषय से अपने को सम्बद्ध करता हूं।